an>

Ttile: Need to take immediate steps to make available fertilizers to the farmers of the country.

श्री बोध सिंह भगत (बालाघाट) : महोदय, आपने मुझे अविलंबनीय लोक महत्व के मामले को उठाने की अनुमति दी, इसके लिए मैं आपका आभारी हूँ। मेरा शून्य काल का विषय इस प्रकार है। देश में इस समय धान, गेहूं, चना, अलसी, सरसों इत्यादि रबी फसलों की बुआई प्रारंभ हो चुकी है और कुछ शेष है। कृषकों को यूरिया, डीएपी, रासायनिक खाद की अति आवश्यकता है। मध्य प्रदेश के सिवनी, बालाघाट जिले में खाद की उपलब्धता नहीं होने के कारण कृषकों को खाद नहीं मिल पा रहा है, जिसके कारण किसान चिन्तित हैं। इसके कारण कृषकों का उत्पादन कम होगा, उनको आर्थिक नुकसान होगा। इस कारण कृषक काफी परेशान हैं। कृषकों में तीव्र रोष एवं आक्रोश व्याप्त है।

मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए कहना चाहता हूँ कि वह खाद उपलब्ध कराने हेतु तत्काल कोई कदम उठाने की कृपा करें।

HON. DEPUTY-SPEAKER: Shri K.C. Venugopal – not present.